हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026



11 बिजली निगम कर्मचारियों ने बदली का किया विरोध





12 दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग आज 9 घंटे रहेगा बंद







## इंडियन ऑयल ने मॉक-ड्रिल का अभ्यास कर नागरिकों को किया जागरूक

# आपातकालीन टीमों ने पीड़ितों के बचाव व आगजनी पर काबू पाने का किया अभ्यास

**फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन के सहयोग से हुई मॉक ड्रिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर






झज्जर। मॉक ड्रिल के दौरान घायल कर्मी को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले जाते हुए बचाव दल के सदस्य और मॉक ड्रिल के दौरान आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अपनी रिफाइनरियों व पाइपलाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहर के सेक्टर-9 में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन के सहयोग से आयोजित मॉक ड्रिल सुबह करीब ग्यारह बजे शुरू हुई इस मॉक ड्रिल में आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ितों के बचाव, आगजनी पर काबू पाने व पाइपलाइन को दुरुस्त करने का अभ्यास किया गया।

इंडियन ऑयल के रेवाड़ी टर्मिनल डीजीएम बिकास बर्नवाल ने बताया कि ड्रिल का उद्देश्य प्रबंधन कर्मचारियों की सतर्कता और स्थानीय लोगों को आपातकालीन स्थिति में बचाव बारे जागरुक करना है। इस दौरान फायर ऑफिसर सचिन, अमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर नवीन कुमार, सिटी थाना से एसआई श्यामलाल, इंडियन ऑयल से मैनेजर अशोक स्वामी, विकास दलाल, अमरीश यादव, ऑफिसर रजत राजपूत, सुपरवाइजर जगमाल सिंह, गार्ड हरिपाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### एक कर्मचारी झुलसा

मॉक ड्रिल में दिखाया गया कि पाइप लाइन को दुरुस्त करते समय अचानक लाइन लीक हो जाती है जिससे नजदीक पड़ा ईंधन भी आग पकड़ लेता है। इसके उपरांत लोगों द्वारा तुरंत डायल 112 के माध्यम से पुलिस और बाद में फायर ब्रिगेड व स्वास्थ्य कर्मियों को सूचना दी जाती है। आनन- फानन में पहुंची फायर ब्रिगेड टीम जहां जल्द ही आग पर काबू पा लेती है वहीं मौके पर पहुंची एंबुलेंस व कर्मचारियों की सर्तकता के चलते घायल कर्मी को भी बचा लिया जाता है। इसके बाद टीम द्वारा पाइप लाइन भी दुरुस्त कर ली जाती है। सभी अधिकारी व कर्मचारी राहत की सांस लेते हैं। मॉक ड्रिल के दौरान सभी कर्मचारियों ने पूरे जोश के साथ काम किया।

---

**वैश्य आर्य शिक्षण महिला कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**

## कैंप में छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा

■ प्रशिक्षित युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति : मोहिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मुख्य अतिथि का स्वागत करतीं स्वयंसेविका। फोटो : हरिभूमि

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। मुख्य अतिथि जिला रेडक्रॉस सोसाइटी झज्जर की चेयरपर्सन मोहिनी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल रहीं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कोबी चीफ प्रवीण गर्ग उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा द्वारा माला, पटका व पौधा भेंट कर किया गया। मोहिनी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि रेडक्रॉस सेवा, संवेदनशीलता और तत्परता का प्रतीक है तथा प्रशिक्षित युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रवीण गर्ग ने युवाओं को जागरूक नागरिक बनकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।

मुख्य अतिथि के स्वागत में महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं द्वारा हरियाणवी नृत्य, हरियाणवी कविता तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कैंप की विस्तृत जानकारी कंचन कुमार ने दी। इस दौरान मेडिकल चेकअप कैंप में सिविल अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरभानु, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चौधरी, दंत शल्य चिकित्सक डॉ. सुनीता व डॉ निशा, डेंटल हाइजीनिस्ट दिव्या, स्टाफ नर्स सुमन तथा लैब तकनीशियन कुलदीप उपस्थित रहे। सभी चिकित्सकों ने प्रतिभागियों का नेत्र, दंत एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया। सहायक सचिव पवन कुमार ने शिविर की गतिविधियों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। सहायक सुषमा ने भी विचार रखे।

---



बहादुरगढ़। पार्क के पास डाला गया गोबर। फोटो : हरिभूमि

## पार्क के साथ खुले में गोबर डालने पर कार्रवाई की मांग

चेतावनी नोटिस बोर्ड लगाए जाएं

■ भाजपा नेता ने संबंधित अधिकारियों से की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-9 स्थित जीत आर्य स्कूल के पास पार्क के साथ खुले में गोबर डाला जा रहा है। इस वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। वीरेंद्र रोहिल्ला, अमित, सुमित, अनिल, आदि स्थानीय निवासियों की शिकायत पर भाजपा नेता जसबीर सैनी ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर इस पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की है। सैनी ने कहा कि कुछ लोगों की लापरवाही के कारण पूरे क्षेत्र के निवासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऐसे लोगों को समझाया जाए और यदि इसके बावजूद वे न मानें तो उनके चालान किए जाएं। यह भी मांग की कि संबंधित स्थान पर चेतावनी संबंधी नोटिस बोर्ड लगाए जाएं, ताकि दोबारा कोई व्यक्ति वहां गोबर न डाले। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मौके से गोबर उठवाया जाएगा।

---

## स्कूल परिसर में विशेष बच्चों ने गुलाल लगाकर मनाई होली



**बहादुरगढ़।** नक्षत्र स्पेशल स्कूल और आशा किरण स्पेशल स्कूल परिसर में होली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने हर्षोल्लास, प्रेम और सौहार्द के साथ खुशी मनाई। रंगों के इस पावन त्योहार ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया, रंगों से होली खेली और खुशी के रंगों में सराबोर होकर पर्व का आनंद लिया। बच्चों ने न केवल रंगों से, बल्कि प्रेम, अपनापन और दोस्ती से भी होली खेली। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों के बीच सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाना और उन्हें सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से आत्मविश्वास व खुशी का अनुभव कराना था, जिसमें दोनों स्कूलों ने मिलकर सराहनीय भूमिका निभाई। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

---

## शिविर में 210 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

■ वेदांत आश्रम में ईसीजी, रक्तचाप और शुगर की जांच भी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



परनाला रोड स्थित वेदांत आश्रम में महाराजा अग्रसेन सत्यनारायण गुप्ता हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महाराज व विश्व हिंदू परिषद के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महाराज, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय कोषाध्यक्ष यशपाल गांधी, अस्पताल की चिकित्सक टीम के प्रमुख डॉ. प्रसन्नराज सिंघवी तथा समाजसेवी सतेंद्र दहिया ने किया।

सुबह दस बजे आरंभ हुए शिविर में जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग तथा मनोरोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। ईसीजी, रक्तचाप और शुगर की जांच भी की गई। बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता संबंधी सलाह दी गई। चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाइयां अस्पताल की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शाम तक 210 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

**इन्होंने किया सहयोग:** आयोजन में लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल के संचालक मुकेश कौशिक, मानवाधिकार कार्यकर्ता संजीव शर्मा, विहिप कार्यकर्ता श्रीभगवान, श्रेयांश शर्मा, राघव, स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, शिरोमणि पुजारी, उमा माताजी, नवनीत, धनजी भंडारी, नामदेव शास्त्री, नेहा पांडेय और तुषार सहित अन्य का सहयोग रहा।

---

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने सेक्टर-6 में लगाया विशेष शिविर**

## भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक संतुलन रखना आवश्यक



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मंच पर मौजूद अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पूनम ने किया संबोधित

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी सेंटर में तीन दिवसीय विशेष योग शिविर योग तपस्या अनुभूति भट्टी का आयोजन किया जा रहा है। रिलेक्स, रिचार्ज और रिजूवनेट विषय पर आधारित यह शिविर एक मार्च की सायं संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा का जागरण करना है।

इंदौर से पधारीं मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पूनम ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ में मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। सकारात्मक चिंतन, आत्म-स्मृति और ईश्वरीय याद के अभ्यास से व्यक्ति स्वयं को चिंता और दबाव से मुक्त रख सकता है। उन्होंने दैनिक जीवन में सरल आध्यात्मिक अनुशासन अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बहादुरगढ़ नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने योग और ध्यान को व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम बताते हुए अपने अनुभव साझा किए। सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी अंजली ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आत्मिक शक्तियों को जागृत करने और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होते हैं। शिविर के प्रथम दिन लगभग 500 श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। शांत वातावरण में हुए सामूहिक योग अभ्यास से प्रतिभागियों ने आंतरिक सुकून और नई ऊर्जा का अनुभव साझा किया।

---

## खबर संक्षेप

### मैथ्स ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी किए सम्मानित



झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित विजेता विद्यार्थी।

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन मैथ्स ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि स्कूल की पहली कक्षा के छात्र आदि, दूसरी कक्षा से नीति, तीसरी से पुलकित, आठवीं से लवीश व नौवीं से छात्रा दीपिकका व अपेक्षा ने सिल्वर जोन मैथ्स ओलंपियाड में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### दंगल हमारी सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीकः प्रदीप



बहादुरगढ़। पहलवानों के हाथ मिलवाते प्रदीप तहलान व अन्य।

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा में आयोजित विशाल दंगल तथा गांव मांडोठी में हुए भव्य भंडारे में विधायक प्रतिनिधियों ने पहुंचकर कार्यक्रमों की गरिमा बढ़ाई। राजेश जून के चंडीगढ़ में चल रहे विधानसभा सत्र में व्यस्त रहने के कारण उनकी ओर से विधायक कार्यालय के प्रदीप तहलान बिट्टू, ढिल्लू जून माजरा, काला नया गांव और राकेश नंबरदार ने कार्यक्रमों में सहभागिता की। पहले मांडोठी में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए विधायक की ओर से शुभकामनाएं दीं। इसके बाद कानोंदा पहुंचने पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। दंगल स्थल पर अतिथियों ने पहलवानों से परिचय कर मुकाबलों का शुभारंभ कराया तथा विधायक की ओर से 21 हजार रुपये की राशि आयोजन समिति को सहयोग स्वरूप प्रदान की। प्रदीप तहलान बिट्टू ने कहा कि दंगल हमारी सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में सहायक होते हैं। कुश्ती केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों का संगम है।

### किशोरावस्था के परिवर्तनों की दी जानकारी



**झज्जर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय लकड़िया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, संतुलित खान-पान, व्यक्तिगत स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन तथा तनाव मुक्त परीक्षा की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला काउंसलर संदीप जांगड़ा ने विद्यार्थियों को मित्रता क्लीनिक में उपलब्ध निःशुल्क एवं गोपनीय परामर्श सेवाओं से अवगत कराया। इसके अलावा छात्राओं को शनिवार से शुरू होने वाले एह्यूमन पैपिलोमा वायरस के टीकाकरण अभियान बारे भी जागरुक किया गया। इस मौके पर मुख्य प्राध्यापिका अनीता कुमारी, स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर ज्योति, अध्यापिका सरोजबाला, संगीता, सुनील सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बैठक में 14 शिकायतों का किया निपटारा



झज्जर। बैठक में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीसी।

**झज्जर।** संवाद भवन में शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की विस्तार से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में कुल 18 शिकायतें प्रस्तुत की गई। जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समयावधि में समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एकादशी पर बाबा श्री श्याम मंदिर में हुआ कीर्तन



झज्जर। श्रीश्याम कीर्तन में भाग लेतीं महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि


**झज्जर।** श्रीश्याम अखंड ज्योति मंदिर में फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी धूमधाम से मनाई गई। मंदिर प्रबंधक आजाद दीवान ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी पर लगाई गई अर्जी बाबा जरूर स्वीकार करते है। एकादशी के उपलक्ष्य में कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह पांच बजे मंगला आरती, सवा नौ बजे श्रृंगार आरती, सवा बारह बजे भोग आरती, शाम साढ़े छह बजे संध्या आरती का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि एक मार्च को श्रद्धालुओं द्वारा श्रीश्याम ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें रथ पर सवार बाबा का दिव्य रूप आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह ध्वजा यात्रा मंदिर से शुरू होकर बीकानेर चौक, यादव धर्मशाला, सिलानी गेट, हरिपुरा मौहल्ला व मेन बाजार से होते हुए वापिस मंदिर पहुंच कर संपन्न होगी। इस मौके पर भारत दीवान, मनोज दीवान, ब्रजमोहन कौशिक, सोमबीर अत्री, हेमंत, बालकृष्ण, कृष्ण पहलवान,

ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की सर्कल कार्यकारिणी के निर्णय पर किया आंदोलन

# बिजली निगम कर्मचारियों ने बदली के विरोध में किया प्रदर्शन, नारेबाजी की


झज्जर। बिजली निगम कार्यालय में धरना -प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।


झज्जर। प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका संघ के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि


प्रदर्शन के उपरांत एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए नगर पालिका संघ के कर्मचारी।

**प्रदर्शन में झज्जर, बेरी व बहादुरगढ़ तीनों यूनिटों के कर्मचारियों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की सर्कल कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को भी टेक्निकल कर्मचारियों की बदली के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रातः दस बजे दोपहर दो बजे तक निगम कार्यालय परिसर में बैठक कर कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में झज्जर, बेरी, बहादुरगढ़ तीनों यूनिटों के कर्मचारियों ने भाग लेते हुए अधिक्षक अभियंता के खिलाफ नारे लगाए। सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान रामबीर ने बताया कि अधीक्षक अभियंता द्वारा झज्जर व बेरी डिविजन के 32 कर्मचारियों का तबादला बहादुरगढ़ कर दी जो गलत है। कर्मचारी इसका विरोध करते हैं। जब तक कर्मचारियों की बदली को रद्द नहीं किया जाता तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव भूपेंद्र यादव ने की जबकि मंच संचालन विकास द्वारा किया गया। इस दौरान राज्य उपप्रधान बंसीलाल, राज्य ऑडिटर राम दर्शन, जिला सचिव नरेश, सीआईटीयू से किरण बहराणा, नगर पालिका संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र तुषामड, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से प्रधान रमेश जाखड, पूर्व सचिव राजेंद्र जुलाना, देवेंद्र यादव, विकास दहिया, विनोद, संदीप जांगड़ा, रविंद्र दलाल, रोडवेज यूनियन से जिला प्रधान विजय माजरा ने भी अधीक्षक अभियंता की निंदा की। उन्होंने कहा कि यदि अधीक्षक अभियंता द्वारा यह हठधर्मिता छोड़कर बीच का रास्ता नहीं निकाला तो संगठन इससे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

## लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**झज्जर।** ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति व नगर पालिका संघ हरियाणा के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता संदीप मारौत व राजेंद्र तुषामड़ ने की जबकि संचालन शिवम चांवरिया द्वारा किया गया। संदीप कुमार ने कहा कि माननीय पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद भी तक कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का नहीं किया गया। सीएम निवास पर उनके ओएसडी के साथ सफाई कामगार संघर्ष समिति के डेलिगेशन के साथ नई पॉलिसी बनाने बारे बातचीत हुई थी लेकिन अभी तक पॉलिसी के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इसी प्रकार वर्ष 2024 में सीएम द्वारा सफाई कर्मचारियों का वेतनमान 26 और 27 हजार रुपये देने की घोषणा की उसे भी लागू नहीं किया। इसी प्रकार उनकी मांगों में ठेका प्रथा, मानदेय, दिहाड़ी, पार्ट टाइम, कैजुअल आदि कुप्रथाओं को बंद करने, सफाई कर्मियों को पचास लाख रुपये की बीमा, पुरानी पेंशन बहाली, जून 2025 की गई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की वेतन वृद्धि का भुगतान एरियर सहित करना, न्यूनतम वेतन 26 हजार व पांच प्रतिशत सालाना वृद्धि घोषित किए जाने की मांगें शामिल हैं। प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों ने एसडीएम अंकित कुमार चौकसे को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विकास उज्जैनवाल, गौरव टांक, राजेश, अशोक, नवीन, सूरज, विक्की, विनोद, सुंदर, कमलेश, बबली, किरण, सरोज, शीतल, मनीषा, सुशीला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## समाधान शिविरों में कुल 5654 शिकायतें हुईं प्राप्त, 140 पेंडिंग

**झज्जर।** आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का समयबद्ध निपटान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। ऐसे में अधिकारी जनसमस्याओं का तत्परता से निपटारा करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने बताया कि जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में अभी तक कुल 5654 शिकायत प्राप्त हुई हैं इनमें से केवल 140 पेंडिंग हैं। पेंडिंग शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद आदि माध्यमों से प्राप्त सभी शिकायतों की रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

## संत सम्मेलन के प्रचार के लिए श्रद्धालुओं ने निकाली प्रभातफेरी

*प्रभातफेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से भगवान श्रीराम का गुणगान किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। प्रभातफेरी के दौरान भजन सुनाते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में आगामी चार मार्च से सात मार्च तक आयोजित 53वें संत सम्मलेन व भंडारे के चलते श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। संत सम्मेलन के उपलक्ष्य में सात दिन पहले से प्रभातफेरी निकालकर श्रद्धालुओं द्वारा जनजागरण किया जा रहा है। अलसुबह शुरू हुई प्रभातफेरी शहर की प्रमुख गलियों व चौक चौराहों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंच कर संपन्न होती है। शुक्रवार को प्रभातफेरी के दौरान श्रद्धालु भजनों के माध्यम से भगवान श्रीराम का गुणगान करते हुए सुर्खपुर रोड स्थित बाबा धर्मराज गिरी महाराज के समाधि स्थल पहुंचे। यहां महिलाओं द्वारा एकादशी कीर्तन भी किया गया।

## प्रत्येक किसान के लिए एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य : डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले में इन दिनों एग्री स्टैक फार्मर आईडी बनाने का कार्य जारी है। ऐसे में प्रत्येक किसान के लिए एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है। पीएम किसान सम्मान निधि सहित सभी कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ इसी आईडी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में विशेष अभियान चलाकर किसानों की फार्मर आईडी जनरेट करवाई जाए तथा इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

■ किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी


झज्जर। कैंप में उपस्थित ग्रामीण एवं चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

## शिविर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हास्पिटल द्वारा क्षेत्र के गांव बिरधाना में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप के दौरान वर्ल्ड मेडिकल से पहुंचे मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, नाक-कान व गला रोग, हड्डी रोग तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विशेषज्ञों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की तथा जरुरतमंदों में दवाइयां भी वितरित की गई।

## 6.9 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकुर निवासी बहादुरगढ़ के रूप में हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर पुराने बस अड्डे के पास से उसको काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास 6.9 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

■ आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया

## मातनहेल में मिला व्यक्ति का शव

■ शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में शवगृह के बाहर उपस्थित मृतक के परिजन।

क्षेत्र के गांव मातनहेल में एक व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान चरखी दादरी जिले के नीमली गांव निवासी राकेश उर्फ राकू पुत्र शेर सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राकेश झाड़ली प्लांट में काम करता था। वह शराब पीने का आदि था। परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### न्यूज डायरी

## डीसी ने की जल संचय-जन भागीदारी कार्यक्रम की समीक्षा



**झज्जर।** जल शक्ति अभियान तथा जल संचय जनभागीदारी 2.0 अभियान की प्रगति को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसे जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले में वर्षा जल संचयन, तालाबों के पुनर्जीवन, चेक डैम, सोक पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर तथा अन्य जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत किए गए कार्य की रिपोर्ट को भी पोर्टल पर अपलोड करें।

## संचार कौशल व्यक्तित्व विकास व चेतना दोनों के लिए अनिवार्य : दलबीर सिंह



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'स्टेज से संसद तक : आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक सहभागिता' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य दलबीर सिंह ने की। उन्होंने श्रोताओं के समक्ष प्रभावी संवाद की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि संचार कौशल व्यक्तित्व विकास तथा चेतना दोनों के लिए अनिवार्य है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर पुष्पेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को सार्वजनिक वक्तव्य के भय के कारणों से अवगत कराया तथा उसे दूर करने के व्यावहारिक उपाय समझाए। उन्होंने बताया कि प्रभावी अभिव्यक्ति और आत्मविश्वासपूर्ण संवाद अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि यही गुण व्यक्ति को सशक्त भागीदारी के लिए सक्षम बनाते हैं।

## व्यक्ति नशा मुक्त तभी हो सकता है, जब उसकी बुद्धि स्थिर और मन शांत हो : स्वामी राघवेंद्र महाराज



**झज्जर।** नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर चलाई गई संकल्प यात्रा के दौरान निरंजन अखाड़ा हरिद्वार के महामंडेलश्वर स्वामी राघवेंद्र महाराज झज्जर पहुंचें। यहां उन्होंने शहर के बाबा प्रसादगिरी मंदिर में करवाएं जा रहे श्री सुंदरकांड पाठ का में शामिल होने का निमंत्रण दिया। स्वामी राघवेंद्र महाराज ने बताया कि उनके द्वारा यह संकल्प यात्रा पिछले दिनों रोहतक से शुरू की गई है। अभियान के अंतर्गत दो कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया जा चुका है। उनका प्रयास है कि यात्रा के दौरान एक माह में कम से कम दो शहरों में सनातन धर्म संस्कृति की धरोहर सुंदरकांड पाठ व सत्संग का आयोजन युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि आज का युवा नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है। अभिभावकों को चाहिए वे अपने बच्चों को धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल करें तथा सनातन धर्म की संस्कृति से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि नशा करने वाला कोई भी व्यक्ति नशा मुक्त तभी हो सकता है जब उसकी बुद्धि स्थिर हो और मन शांत हो। धार्मिक कार्यक्रमों में जुड़ने से जहां व्यक्ति का मन शांत रहता है वहीं बुद्धि को भी मजबूती मिलती है। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि एक साधु का जीवन केवल समाज उत्थान के लिए होता है। इससे पहले वे पर्यावरण सरंक्षण को लेकर भी लोगों को जागरुक कर चुके हैं। इस मौके पर जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, प्रमोद बंसल, महेंद्र बसंल, मनीष बंसल, व्यापार मंडल के जिला प्रधान केशव सिंघल, बिल्लू धींगड़ा , प्रीतम कुकड़ौला, गुलशन शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## प्लेसमेंट ड्राइव में 72 छात्राओं ने की भागीदारी



**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत एसएसडीएन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, आईटी ट्रेंनिंग एंड सॉल्यूशन कंपनी गुरुग्राम द्वारा ट्रेनिंग के लिए मेंटोर टीम भेजी गई। प्लेसमेंट एवं विज्ञान प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर अनुपमा यादव ने प्लेसमेंट ड्राइव में बीए, एमए, बीएससी, एमएससी, बीकॉम आदि संकाय की 72 छात्राओं ने भाग लिया। सीनियर ग्लोबल मैनेजर, सेल एवं मार्केटिंग ध्रुव भटनागर ने छात्राओं को कम्युनिकेशन स्किल्स एवं प्रोफेशनल लाइफ में इसकी उपयोगिता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लैंग्वेज एथिक्स, लैंग्वेज बैरियर्स को प्रैक्टिकल तरीके से छात्राओं के समक्ष इसकी बारीकी को प्रस्तुत किया। प्रोफेशनल स्किल्स में पंक्चुअलिटी, ग्रूमिंग,जेस्चर, पोस्चर की उपयोगिता को विभिन्न उदाहरणों द्वारा छात्राओं के समक्ष प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर नीलम गर्ग, बीकॉम प्लेसमेंट प्रभारी डॉक्टर चित्रलेखा, बीए प्लेसमेंट प्रभारी डॉक्टर अनु, हर्ष भारद्वाज, यशा उपाध्याय सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

शहीद यादगार कमेटी की ओर से शहीद स्मारक में दी श्रद्धांजलि

# क्रांतिकारी आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। शहीद स्मारक पर मौजूद कमेटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शहीद यादगार कमेटी की ओर से क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष धनराज तहलान ने की। सभी सदस्यों ने आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। महासचिव डॉ. राकेश वत्स ने आजाद के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्हें केवल पिस्तौलधारी वीर के रूप में याद करना उनके व्यापक व्यक्तित्व के साथ अन्याय होगा। उन्होंने बताया कि मास्टर मनोहर लाल के प्रयासों से आजाद को विद्यालय भेजा गया, लेकिन उनका झुकाव तीरंदाजी और साहसिक गतिविधियों की ओर अधिक था। कुछ समय तहसीलदार के यहां कार्य करने के बाद वे मुंबई गए और समुद्री जहाजों पर रंग-रोगन का कार्य किया। मजदूरों की दयनीय स्थिति से व्यथित होकर बनारस लौटे, संस्कृत का अध्ययन किया और असहयोग आंदोलन में भाग लिया। आंदोलन वापस लेने के बाद वे क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़ गए। फिर 9 अगस्त 1925 के काकोरी कांड तथा भगत सिंह के साथ मिलकर सांडर्स वध की घटना उनके क्रांतिकारी जीवन की प्रमुख घटनाएं रहीं। फरारी के दौरान उन्होंने गंगा किनारे उदासी महंत का शिष्य बनकर संगठन के लिए सुरक्षित ठिकाना तैयार किया। झांसी में ड्राइंग अध्यापक रुद्र नारायण के यहां ठहरना, दिमरपुरा में हरिशंकर ब्रह्मचारी के नाम से रहना, ठाकुर मलखान सिंह से मित्रता तथा बुंदेलखंड में ड्राइवर-मैकेनिक के रूप में कार्य करना उनके संघर्षपूर्ण जीवन के महत्वपूर्ण अध्याय रहे। गत 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से घिरने पर उन्होंने अंतिम गोली स्वयं पर चलाकर शहादत दी। उनके निकट संबंधी शिवविनायक मिश्र ने अंतिम संस्कार किया। बाद में सदाशिव मलकापुर ने उनकी माता जगरानी देवी को झांसी लाकर देखभाल की तथा 1951 में उनका अंतिम संस्कार भी किया। सभा में मास्टर जयकरण, सतबीर दहिया, राजबीर और पुष्पेंद्र सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने आजाद को संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक बताया।

### क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को याद किया

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन द्वारा क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर कबीर बस्ती में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए और उनके विचारों को याद किया गया। कार्यक्रम में संगठन की लोकल कमेटी सदस्य सोनिया ने कहा कि अत्यंत साधारण परिवार से आने के बावजूद चंद्रशेखर आजाद ने अपने साहस, नेतृत्व क्षमता और दृढ़ संकल्प के बल पर क्रांतिकारी आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कम उम्र में मजदूरी के लिए मुंबई जाने और वहां मजदूरों की दयनीय स्थिति देखने के बाद वे बनारस पहुंचे तथा स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए। असहयोग आंदोलन के दौरान गिरफ्तारी के बाद जब जज ने उनसे नाम पूछा तो उन्होंने स्वयं को आजाद बताया और उद्देश्य पूछने पर स्वतंत्रता कहा। इसके चलते उन्हें 15 कोड़ों की सजा दी गई। उसी समय उन्होंने संकल्प लिया कि अंग्रेज उन्हें जीवित कभी गिरफ्तार नहीं कर पाएंगे। रामपति ने अपने संबोधन में कहा कि आजाद और उनके साथियों का सपना अभी अधूरा है। उन्होंने युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं से उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## चंद्रशेखर आजाद को दी श्रद्धांजलि



**बहादुरगढ़।** आजादी के आंदोलन के अग्रणी नेता चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर नागरिक मंच की ओर से शंकर गार्डन स्थित आजाद चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुरुआत में प्रतिमा परिसर की साफ-सफाई कर पुष्पांजलि दी गई। रामकिशन ने आजादी आंदोलन में आजाद की निर्णायक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजाद केवल अंग्रेजी शासन का अंत ही नहीं, बल्कि ऐसे समाज की स्थापना चाहते थे जहां श्रमजीवी वर्ग को सम्मान मिले और शोषण, अन्याय व अत्याचार का स्थान न हो। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य में बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्ति, बेरोजगारी और सामाजिक विषमता आज भी गंभीर चुनौतियां बनी हुई हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए समाज को जागरूक होकर संगठित प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम के दौरान शहीद चंद्रशेखर आजाद अमर रहें, इंकलाब जिंदाबाद, शिक्षा का निजीकरण बंद करो, सरकारी स्कूलों को सुविधाएं दो और नौजवानों को रोजगार दो" जैसे नारे लगाए गए। इस अवसर पर राजबीर छिल्लर, जयसिंह, डॉ. जगबीर, अत्तर सिंह, विद्या, नीमा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## नशीली गोलियों सहित एक आरोपी पकड़ा

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस की एक टीम शहरी क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि नवीन निवासी माता गेट झज्जर नशीली गोलियां बेचने का अवैध धंधा करता है और वह सुर्खपुर रोड बुधो माता मंदिर श्मशान घाट के पास बैठा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक आजाद सिंह की टीम ने आरोपी को पकड़ा। पकड़े गए आरोपी की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से नशीली गोलियों के कुल तीन पत्ते बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी से बरामद नशीले दवाइयां की पुष्टि के लिए ड्रग्स इंस्पेक्टर व सरकारी डॉक्टर से राय ली गई तो उन्होंने बताया कि यह गोलियां नशीली हैं और सरकार द्वारा इन पर रोक लगाई गई है।

## सब्जी मंडी में मिला युवक का शव

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी परिसर में एक युवक का शव मिला है। किसी बीमारी से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। असल कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। घटना शुक्रवार सुबह की है। मंडी परिसर में किसी ने युवक बेसुध अवस्था में देखा तो पुलिस को सूचना दी। सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच करने पर युवक मृत हालत में था। उसे नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। जांच अधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। एक हाथ पर चंदा नाम लिखा है। देखने से प्रवासी प्रतीत होता है।

## मानसिक परेशान युवक ने फांसी लगा दी जान

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ में मानसिक रूप से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय वेदपाल पुत्र दिलबाग सिंह के तौर पर हुई है। परिजनों ने जब कमरे की बालकनी में वेदपाल का शव लटके देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी श्रीकांत ने बताया कि वेदपाल वेल्डिंग का काम करता था और पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

## दिल्ली में मास्टर खिलाड़ी परमानंद का सम्मान

**बहादुरगढ़।** खेलों में 300 से अधिक मेडल जीत चुके बहादुरगढ़ निवासी मास्टर खिलाड़ी परमानंद मलिक को दिल्ली में सम्मानित किया गया। फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी ने उन्हें राष्ट्रीय समाज सेवा अवॉर्ड दिया। करीब 80 वर्षीय मलिक दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। युवावस्था से लेकर अब तक लगातार खेलों में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुके हैं। फिलहाल मार्च माह में पंजाब में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। इनसे प्रशिक्षण पाकर काफी बच्चे सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। इसलिए इनको दिल्ली में सम्मानित किया गया। बकौल मलिक, वे अब तक 325 मेडल जीत चुके हैं। जब तक शरीर में जान है, वह खेलते रहेंगे।

**झज्जर जिलावासियों के काम की तीन खबरें**

# सीएचसी छारा में नलबंदी ऑपरेशन शुरू

- ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन, जल्द सिजेरियन डिलिवरी की सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छारा में शुक्रवार को नलबंदी ऑपरेशन सेवा की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र ही गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन की सुविधा भी प्रारंभ की जाए, ताकि क्षेत्र की महिलाओं को प्रसव सेवाओं के लिए अन्य शहरों में न जाना पड़े। सीएचसी इंचार्ज डॉक्टर नरेंद्र रोहिल्ला ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर की शुरुआत होना क्षेत्र के लोगों के लिए लाभकारी है। ऑपरेशन टीम में सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर नरेश दहिया तथा सर्जन डॉक्टर अजय धनखड़ की विशेष ड्यूटी लगाई गई। इस मौके पर डॉक्टर सुखदेव, डॉक्टर बबीता, डीपीएम सुनीता अरोड़ा, पंकज, नर्सिंग ऑफिसर ज्योति सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करतीं सीएमओ।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने को 31 मार्च तक चलेगा अभियान

**झज्जर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जिले के पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान 31 मार्च तक जारी रहेगा। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि जिले में लगभग 50 हजार आयुष्मान कार्ड तथा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लगभग 58 हजार आयुष्मान व वंदना योजना कार्ड बनाए जाने शेष हैं। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीकी अटल सेवा केंद्र पर परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ पहुंचकर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करवाएं और आयुष्मान कार्ड बनवाएं। नोडल अधिकारी डॉक्टर सुनीता तंवर ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों को सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निशुल्क कैशलेस उपचार किया जाता है। जिले में 20 सरकारी तथा 30 निजी अस्पताल इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं।

# कल से 24 मार्च तक चलेगा विशेष कानूनी जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



- निशुल्क विधिक सहायता, परामर्श और अधिकारों संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी

सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि एक मार्च से जिले के चिन्हित गांवों में विशेष कानूनी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत पैरा लीगल वालंटियर गांवों में पात्र व्यक्तियों को निशुल्क विधिक सहायता, परामर्श और अधिकारों संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि यह अभियान महिला कैदियों और वृद्ध कैदियों के लिए न्याय और सम्मान पहल, मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों को न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों को बेहतर कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया जाएगा।

## घेवरा से बहादुरगढ़ के बीच रेलवे पुल की होगी मरम्मत

# दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर आज 9 घंटे का मेगा ब्लॉक, कई ट्रेनें नहीं चलेंगी

*सुबह 10 बजकर 25 मिनट से शाम 7:25 बजे तक दिल्ली-रोहतक रूट पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को सफर से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जांचने की सलाह दी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

घेवरा से बहादुरगढ़ के बीच रेलवे पुल की मरम्मत के चलते शनिवार को दिल्ली-रोहतक रेलमार्ग पर 9 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया गया है। सुबह 10 बजकर 25 मिनट से शाम 7:25 बजे तक इस रूट पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे ने यात्रियों को सफर से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जांचने की सलाह दी है।

दरअसल, परनाला के पास पुल पर आरसीसी स्लैब रखने का कार्य किया जा रहा है। मरम्मत कार्य शनिवार शाम तक पूरा होने की संभावना है, हालांकि इसके बाद भी कुछ समय तक ट्रेनों को धीमी गति से यहां से गुजारा जाएगा। इससे पहले वीरवार को दो ट्रेनों को डायवर्ट किया गया था, जबकि शुक्रवार को एक पैसेंजर ट्रेन रद्द रही। वहीं 16032 अंडमान एक्सप्रेस को जींद-गोहाना-सोनीपत के रास्ते नई दिल्ली भेजा गया। दिल्ली-शामली ट्रेन रैक उपलब्ध न होने के कारण रद्द की गई।



### आंशिक रूप से प्रभावित रहेंगी यह गाड़ियां

- 14732 किसान एक्सप्रेस 28 फरवरी को दिल्ली की बजाय रोहतक तक ही चलेगी।
- 14731 किसान एक्सप्रेस रोहतक से ही बठिंडा के लिए रवाना होगी।
- 12481 श्रीगंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस रोहतक से श्रीगंगानगर के लिए जाएगी।
- 54036 जाखल-दिल्ली पैसेंजर जींद तक ही जाएगी।
- 20410 बठिंडा-दिल्ली कैंट इंटरसिटी रोहतक-आसौदा के बीच 30 मिनट देरी से चलेगी।
- 54423 नई दिल्ली-हिसार पैसेंजर शकूर बस्ती स्टेशन पर 25-30 मिनट रोकी जाएगी।

### शनिवार को ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

14323 नई दिल्ली-रोहतक इंटरसिटी
14324 रोहतक-नई दिल्ली इंटरसिटी
64912 जींद-नई दिल्ली मेमू
64915 नई दिल्ली-जींद मेमू
64931/64932 दिल्ली-जींद मेमू
54031/54032 दिल्ली-जींद पैसेंजर
54035 दिल्ली-जाखल पैसेंजर
54033 दिल्ली-नरवाना पैसेंजर

### आरसीबी स्लैब रखा जा रहा

स्टेशन अधीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि ड्रेन के ऊपर बने रेलवे पुल पर आरसीसी स्लैब रखने के कारण यह ब्लॉक लिया गया है। यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

**हरियाणा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा**

# दो केंद्रों पर 3 नकलची पकड़े, बनाए यूएमसी



**झज्जर।** परीक्षा केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों के पहचान पत्र देखते हुए पुलिसकर्मी।

- अंबोली परीक्षा केंद्र में एक और डीघल में दो परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं जारी है। शुक्रवार को बारहवीं कक्षा की राजनीतिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। जिसमें तीन परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। प्रश्न पत्र उड़नदस्ता टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोली में बनाए गए परीक्षा केंद्र में एक और डीघल गांव में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर दो परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। टीम द्वारा तीनों परीक्षार्थियों का यूएमसी बनाया गया है। बता दें कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन की टीमें निरंतर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रही है। इसके अलावा बोर्ड द्वारा गठित प्रश्न पत्र उड़नदस्ता टीमें भी निरीक्षण कर रही है। इसके अलावा पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद है। बाहरी हस्तक्षेप न हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिले भर में 52 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

# छुड़ानी के किसानों को नहीं मिला जलभराव का मुआवजा

## तहसीलदार कार्यालय में सरपंच की अगुवाई में दिया ज्ञापन, करीब 700 एकड़ फसल प्रभावित

- महीनों बाद भी खेतों में खड़ा है पानी, गेहूं की बिजाई तक नहीं कर पाए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लंबा समय बीत जाने के बाद भी छुड़ानी गांव के किसानों को खराब फसल का मुआवजा नहीं मिल पाया है। इस वजह से किसानों में रोष है। शुक्रवार को पीड़ित किसानों ने तहसीलदार कार्यालय में ज्ञापन देकर राहत की मांग उठाई। सरपंच विनोद की अगुवाई में संजीव, शमशेर, जलबीर, सुभाष, दिनेश सहित कई किसान लघु सचिवालय परिसर में पहुंचे थे। किसानों का कहना है कि बरसात के कारण हुए भारी जलभराव से करीब 700 एकड़ फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी। धान और कपास समेत अन्य खरीफ फसलें नष्ट हो गईं। हालात इतने खराब रहे कि किसान रबी सीजन में गेहूं की बुआई भी नहीं कर पाए। अब तक खेतों में पानी भरा हुआ है।



**बहादुरगढ़।** लघुसचिवालय परिससर में पहुंचे छुड़ानी के सरपंच व किसान।

### पोर्टल से डेटा हटा

किसानों का आरोप है कि 100 प्रतिशत नुकसान के बावजूद अब तक उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला। इतना ही नहीं, क्षतिपूर्ति पोर्टल से गांव का डाटा भी हटा दिया गया, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत भी उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। पीड़ित किसानों ने सरकार से जल्द से जल्द मुआवजा जारी करने की मांग की है ताकि वे आर्थिक संकट से उबर सकें।

**शहर के आसपास खाली प्लॉटों में प्लास्टिक कचरा संग्रहण बना सिरदर्द**

# खुले में पीवीसी स्क्रैप इकट्ठा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- गांवों में बीडीपीओ व पंचायतों के माध्यम से जमीन मालिकों को नोटिस जारी किए जा रहे



शहर और आसपास के गांवों में खुले प्लॉटों व जमीन पर अवैध रूप से प्लास्टिक कचरा जमा कराने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम अभिनव सिवाच ने साफ चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में नगर परिषद और गांवों में बीडीपीओ व पंचायतों के माध्यम से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। संबंधित भू-मालिकों को अपनी जमीन से तुरंत प्लास्टिक व स्क्रैप हटाने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने दो टूक कहा कि नोटिस के बाद भी अगर सामान नहीं हटाया गया तो जुर्माना लगाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बहादुरगढ़ में बढ़ते पीवीसी स्क्रैप गोदामों को लेकर प्रशासन विशेष निगरानी कर रहा है। खुले में प्लास्टिक कचरा जमा करने से प्रदूषण फैल रहा है और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जिस जमीन पर कचरा मिलेगा, उसकी जिम्मेदारी भू-मालिक की मानी जाएगी। एसडीएम ने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखना सभी की जिम्मेदारी है।

## फैक्ट्री से मूर्तियां और सामान चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा खुर्द में स्थित एक फैक्ट्री में चोरी की वारदात हो गई। दो चोर फैक्ट्री में से देवी-देवताओं की मूर्तियों सहित काफी सामान चुरा ले गए। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर नजर आए हैं। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस को दी शिकायत में पटेल नगर दिल्ली निवासी मुनीश खन्ना ने कहा कि गांव लोवा खुर्द में उसने एक फैक्ट्री छह साल से किराये पर ले रखी है। इसमें थिन्नर तैयार किया जाता है। वीरवार 26 फरवरी को फैक्ट्री में चोर घुस गए। करीब डेढ़ बजे सीसीटीवी में दो संदिग्ध परिसर में घूमते देखे गए। इसके बाद मैं तुरंत दिल्ली से फैक्ट्री के लिए रवाना हुआ। जब तक यहां आता, चोर वारदात को अंजाम देकर जा चुके थे। जांच करने पर परिसर से पंप व टूल्स गायब थे। वहीं, आफिस से लक्ष्मी-गणेश की पीतल की मूर्ति चोरी थी। वहीं, सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

# बंद मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- गांव दहकोरा का परिवार आंध्रप्रदेश गया हुआ था, पीछे से चोरों ने खंगाले कमरे

गांव दहकोरा में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बना लिया। ताले तोड़कर चोर मकान में घुसे और लाखों रुपये के आभूषणों सहित लगभग दो लाख रुपयों पर हाथ साफ कर गए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात भगवान सिंह के मकान में हुई है। भगवान सिंह का कहना है कि उनके बेटे बाहर नौकरी करते हैं। वह अपने बड़े बेटे रोहित के पास बीते करीब पांच माह से आंध्राप्रदेश गए हुए थे। वीरवार की दोपहर करीब दो बजे लौटे तो मकान के गेट पर लगे ताले टूटे हुए थे। अंदर कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी, बेड खंगाले गए थे। जांच करने पर चांदी की छह जोड़ी पायल, तीन जोड़ी तागड़ी, तीन सिक्के, एक चांदी का हाथी करीब सवा किलो, दो सोने की अंगूठी, एक छल्ला, मेरी रिटायरमेंट व बेटे की शादी की करीब दो लाख रुपये के नोटों की मालाएं गायब मिली। उधर, सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने भगवान सिंह की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली निशान यात्रा



**बहादुरगढ़।** ध्वजा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

- परशुराम मंदिर से शुरू होकर नजफगढ़ रोड के श्री बाला जी मंदिर तक गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में बाबा खाटू श्यामजी के जयकारों के साथ छठी विशाल शोभा व ध्वजा यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा की शुरुआत सरकारी स्कूल के निकट स्थित परशुराम मंदिर से हुई। यात्रा सत्यनारायण मंदिर, मांडोठी बाजार, मेन बाजार, पुराना कमेटी चौक से बढ़ते हुए नजफगढ़ रोड स्थित श्रीबालाजी मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ संपन्न हुई। मार्ग में श्रद्धालु ध्वजाएं लेकर जय श्री श्याम के उद्घोष करते रहे, जिससे पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। पूर्व विधायक नरेश कौशिक के पुत्र हिमांशु कौशिक, दलबीर मान के पुत्र सूर्य मान, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री तथा पूर्व पार्षद धर्मेंद्र वत्स सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर लखदातार का आशीर्वाद प्राप्त किया। हिमांशु कौशिक ने कहा कि बाबा श्याम हारे के सहारे हैं और श्रद्धालुओं के कष्ट दूर करते हैं।

उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भी की। परशुराम मंदिर कार्यकारिणी के सदस्य योगेंद्र वत्स, प्रमोद दराल, महेशी भाई जैन, रोहित वत्स, सतपाल राठी, अनिल यादव, हरीश यादव और भारत भूषण सहित अनेक सेवादारों ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। यात्रा के समापन पर अतिथियों का पटका व पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया।

**सरकारी स्कूलों के छात्रों की शैक्षणिक बुनियाद मजबूत करने के लिए अभियान**

# मिशन बुनियाद परीक्षा में जिले के 175 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

*अंतिम चयनित विद्यार्थियों की विशेष कक्षाएं मई 2026 के प्रथम सप्ताह से शुरू होंगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की शैक्षणिक बुनियाद मजबूत करने और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा लेवल-2 का परिणाम घोषित किया है। परीक्षा में जिले के 175 विद्यार्थियों ने अगले चरण में जगह बनाई है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर जसवीर दलाल ने बताया कि 30 जनवरी को आयोजित परीक्षा में प्रदेशभर से लगभग 25 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 7,161 विद्यार्थियों का चयन अगले चरण के लिए किया गया है।

### मार्च के अंतिम सप्ताह में होगी लेवल-3 परीक्षा

लेवल-2 में सफल विद्यार्थियों की लेवल-3 परीक्षा मार्च माह के अंतिम सप्ताह में जिला स्तर पर आयोजित होगी। परीक्षा में गणित विषय के वर्णात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और अवधारणात्मक समझ का मूल्यांकन किया जाएगा। लेवल-3 में सफल विद्यार्थियों को काउंसलिंग के बाद अंतिम रूप से मिशन बुनियाद कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों की कक्षाएं मई 2026 के प्रथम सप्ताह से शुरू होंगी, जहां वे कक्षा 9वीं एवं 10वीं की पढ़ाई मिशन बुनियाद केंद्रों से पूरी करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रतिभा मंथन छात्रवृत्ति से किया सम्मानित




**झज्जर।** लघु सचिवालय सभागार में शुक्रवार की सायं प्रतिभा मंथन छात्रवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रतिभा मंथन स्कॉलरशिप कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में की गई मेहनत ही भविष्य की मजबूत नींव बनाती है। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करना चाहिए, सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा मंथन टीम पिछले वर्षों से बच्चों का रूचि अनुसार मार्गदर्शन कर रही है। हमें प्रतिभा मंथन 2.0 की तरफ बढ़ना चाहिए।